प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज गोड्डा पहुंची। गोड्डा में प्रियंका गांधी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा जी ने जल जंगल का अधिकार मजबूत तरीके से दिया। भाजपा पर आक्रमक होते हुए उन्होने कहा कि बीजेपी संविधान बदलने की बात करती है। हम इनको संविधान बदलने नहीं देंगे। हम आरक्षण को कमजोर नहीं होने देंगे। आपकी संस्कृति को बचाने की लड़ाई हमारी लड़ाई है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर मोदी सरकार पर तंज कसते हुए उन्होने कहा कि मोदी जी ने सोचा होगा हेमंत सोरेन को जेल में डाल देंगे तो यहां चुनाव आराम से जीत जाएंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं।

****

लोकसभा चुनाव के सातवें और अतिंम चरण के तहत एक जून को झारखंड के तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा पर चुनाव होने हैं। राज्य के तीन संसदीय क्षेत्र में 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। राजमहल लोकसभा से 14, दुमका और गोड्डा से 19–19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिला और 18 विधानसभा आते हैं। तीन लोकसभा क्षेत्र में कुल 53 लाख मतदाता हैं।

****

चतरा संसदीय क्षेत्र के लिए 20 मई को हुए मतदान के बाद अब चतरा जिला प्रशासन का पूरा ध्यान ईवीएम सुरक्षा पर है। चतरा कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम सहित पुरे परिसर में सुरक्षा को लेकर त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा लाईव स्ट्रीमिंग के जरिए की जा रही है। इसके लिए चतरा जिला समाहरणालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी चतरा रमेश घोलप ने कहा है कि ईवीएम रखे गए स्ट्रांग रूम को 24 घंटे सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

****

गढ़वा जिले में पंचायतों के सतत विकास के लिये जन योजना अभियान कार्यक्रम शुरू किया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

****

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। अदालत ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि सोरेन की ओर से फाइल की गई पिटीशन में इस फैक्ट को छिपाया गया कि इस मामले में ईडी की स्पेशल कोर्ट संज्ञान ले चुकी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच ने याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त की, जिसके बाद सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने याचिका वापस ले ली।

****

सरायकेला अनुमंडल क्षेत्र में डाक विभाग की योजनाओं को लेकर वित्तीय वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति को लेकर डाक अनुमंडल कर्मियों की बैठक आज सरायकेला अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। डाक कर्मियों की बैठक में सरायकेला अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी डाकघर के कर्मी शामिल हुए, इस मौके पर डाक कम्युनिटी प्रोग्राम के साथ शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश कर्मियों को दिया गया।

****

सिंहभूम चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, परिसर में आज भाजपा के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने व्यवसायी और उद्यमियों के साथ सीधा संवाद किया।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। तेज हवा और गर्जन के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय दबाव के कारण झारखंड का मौसम बदला है और अभी दो दिनों तक राज्य में अच्छी बारिश के आसार हैं। राज्य के अधिकांश जिलों में वज्रपात को लेकर मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। इसके साथ ही इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी।

*******समाप्त***********